‘विज़िन ज़ीरो मध्य प्रदेश’

चर्चा में क्यों?

18 अगस्त, 2021 को **मध्य प्रदेश परिवहन एवं राजस्व विभाग** के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने **सड़क दुर्घटनाएँ रोकने** और **घायलों की जान बचाने** के लिये सुरक्षित परिवहन प्रणाली पर आधारित ‘**विज़िन ज़ीरो मध्य प्रदेश**’ योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि सड़क दुर्घटनाओं में मध्य प्रदेश देश में दूसरे नंबर पर है। इसे ध्यान में रखते हुए पाँच स्तंभों पर आधारित ‘विज़िन ज़ीरो मध्य प्रदेश’ योजना तैयार की गई है। इसमें सुरक्षित गति, सुरक्षित रोड, सुरक्षित वाहन, सुरक्षित चालक व्यवहार और दुर्घटना उपरांत सहायता शामिल हैं।
- परिवहन के साथ अन्य विभागों के सहयोग से एवं स्वयंसेवी संस्थाओं सहित संपूर्ण समाज की भागीदारी से ‘विज़िन ज़ीरो मध्य प्रदेश’ को अमलीजामा पहनाया जाएगा।
- इस अवसर पर परिवहन मंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिये सभी नागरिकों को अपनी ज़िम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।
- परिवहन आयुक्त मुकेश जैन ने कहा कि दुर्घटना के बाद घायल के लिये पहला घंटा काफी अहम होता है, यदि एक घंटे के भीतर घायल को अस्पताल पहुँचा दिया जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाने में मदद करने वालों से अब कोई पूछताछ नहीं होती, अपितु उनका सम्मान किया जाता है।
- अपर परिवहन आयुक्त अरविंद सक्सेना ने सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/vision-zero-madhya-pradesh